web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, गुरूवार 10 जनवरी 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-102

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## आप के कार्यकर्ता भाजपा के खिलाफ झूठ फैला रहे हैं

### बीजेपी ने सुनाई कॉल रिकॉर्डिंग

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में वोटर लिस्ट से लाखों लोगों के नाम कटने और इसके पीछे बीजेपी की साजिश का आरोप लगाने वाली आम आदमी पार्टी को बीजेपी ने जवाब दिया है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उसमें एक फोन कॉल की रिकॉर्डिंग सुनाई।




मनोज तिवारी ने दावा किया कि आप कार्यकर्ता लोगों को फोन कर अरविंद केजरीवाल के नाम पर बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कह रह हैं कि वोटर लिस्ट से उनका नाम कट गया था, केजरीवाल ने नाम जुड़वा दिया है। तिवारी ने बताया कि इत्तेफाक से एक आप कार्यकर्ता की कॉल बीजेपी के एक पदाधिकारी के पास आई थी। उसने कॉल रिकॉर्ड कर ली।

तिवारी ने जो कॉल रिकॉर्डिंग सुनाई, उसमें आतिफ नाम का एक लड़का खुद को आप का कार्यकर्ता बताता है। कहता है- 'हमने वोटर लिस्ट निकलवाई है। बीजेपी ने दिल्ली में 30 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से कटवा दिए हैं। उसमें आपका नाम भी है। यही बताने के लिए फोन किया है। आपका नाम कट गया है, पर चिंता मत कीजिए। दिल्ली के सीएम आपके साथ हैं। वह आपके लिए लड़ रहे हैं और जल्द आपका नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा देंगे। आम आदमी पार्टी की ओर से आपके पास कॉल आएगी। उसमें हम बता देंगे कि आपका नाम जुड़ गया है। अगर किसी वजह से नहीं जुड़ पाया, तो भी बता देंगे।'

कॉलर आगे बताता है कि आपके अड्रेस पर 3 और लोगों के नाम भी कट गए हैं। इस पर बीजेपी पदाधिकारी ने आपत्ति जताई।

## कोटा बिल को कांग्रेस-एसपी का समर्थन, रामगोपाल बोले-ओबीसी को मिले 54 फीसदी का आरक्षण

नई दिल्ली। लोकसभा में सामान्य वर्ग को दस फीसदी आरक्षण देने वाले संविधान संशोधन विधेयक को मंगलवार को (upper Caste Reservation Bill) पारित कराने के बाद सरकार आज (बुधवार) इसे राज्यसभा में पेश कर दिया है और बिल पर चर्चा हो रही है।

बिल पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद आनंद शर्मा और समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि उनकी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है। इससे पहले मंगलवार को करीब पांच घंटे तक चर्चा के दौरान वित्त मंत्री अरुण जेटली ने विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि हमने जो रास्ता चुना है उससे सुप्रीम कोर्ट में भी दिक्कत नहीं आएगी।

राज्यसभा में सरकार को आशंका है कि सपा (SP), बसपा (BSP), राजद (RJD) समेत कुछ दल कुछ मुश्किलें जरूर खड़ी कर सकते हैं। लेकिन इस बात को लेकर सरकार आश्वस्त है कि विधेयक पर होने वाले मतदान का ये दल विरोध नहीं कर पाएंगे। क्योंकि कोई भी दल सवर्णों की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहेगा। वहीं, लोकसभा में कांग्रेस ने भी बिल का समर्थन किया। लेकिन इसे जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया। पार्टी नेता के वी थामस ने कहा कि इसे जल्दबाजी में पेश करने से अव्यवस्था हो सकती है।

### लंबी चर्चा के बाद सवर्णों को 10 फीसदी आरक्षण विधेयक लोकसभा में पास

नईदिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों (सामान्य वर्ग) को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया। सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए लाए गए 10 फ ीसदी आरक्षण वाला बिल लंबी चर्चा और उसके बाद हुई मतदान के बाद पास हो गया। उसके बाद सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया।



इससे पहले, सोमवार को लोकसभा चुनाव से पूर्व मोदी कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए आर्थिक रूप से कमजोर सवर्णों (सामान्य वर्ग) को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में 10 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत ने (मंगलवार) लोकसभा में इससे संबंधित विधेयक पेश किया। सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक 2018 (कांस्टीट्यूशन एमेंडमेंट बिल टू प्रोवाइड रिजर्वेशन टू इकोनॉमिक वीकर सेक्शन -2018) मंगलवार को लोकसभा में पेश किया। इस विधेयक के जरिए संविधान की धारा 15 व 16 में बदलाव होना है। इसके बाद शाम को बिल पर चर्चा की शुरुआत हुई। ज्यादातर दलों के नेताओं ने इस पर अपनी बात रखते हुए इसके पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क दिए।

## ट्रम्प चुनाव प्रचार मुहिम प्रमुख ने रूस को दिया मतदान संबंधी डेटा

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए एक समय डोनाल्ड ट्रम्प की प्रचार मुहिम के अध्यक्ष रहे पॉल मनाफोर्ट ने मंगलवार को एक अदालत में स्वीकार किया कि उन्होंने मुहिम के मतदान संबंधी आंकड़े खुफिया विभाग से जुड़े रूस के एक नागरिक को मुहैया कराए थे। मनफोर्ड ने 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रूसी हस्तक्षेप की जांच कर रहे विशेष अधिवक्ता रोबर्ट मुलर के इन आरोपों से इनकार किया।

## कनाडा के पीएम ने व्हेल के शिकार पर जापान के पीएम से की बातचीत

ओटावा (आरएनएस)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने व्हेल का व्यावसायिक शिकार फिर से शुरू करने की जापान की योजना पर अपने जापानी समकक्ष शिंजो आबे से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, ट्रूडो ने कहा कि उन्होंने व्हेल संरक्षण के महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाया साथ ही व्हेल की प्रजातियों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। गौरतलब है कि जापान ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह अंतर्राष्ट्रीय व्हेलिंग कमीशन (आईडब्ल्यूसी) से अलग हो रहा है और वह इस साल से व्हेल का व्यावसायिक शिकार फिर से शुरू करेगा। जापान की इस घोषणा का कार्यकर्ताओं और व्हेल शिकार के विरोधी देशों ने आलोचना की है। दुनिया में व्हेल के संरक्षण और प्रबंधन के लिए 1946 में आईडब्ल्यूसी की स्थापना की गई थी।

## नोएडा में सौतेले पिता पर 8-वर्षीय बच्ची से बलात्कार का आरोप

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाले एक शख्स पर पर अपनी 8-वर्षीय सौतेली बेटी के साथ बलात्कार करने का आरोप लगा है. बच्ची की मां ने घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है. नगर पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह ने बताया कि महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 8-वर्षीय बेटी के साथ उसके पति नानक ने बुधवार को तड़के बलात्कार किया. उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. SP ने बताया कि बच्ची को डॉक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, और आरोपी सौतेले पिता की तलाश की जा रही है.



## मेघालय में पहली 'स्वदेश दर्शन' परियोजना का उद्घाटन



नई दिल्ली। मेघालय में पहली 'स्वदेश दर्शन' परियोजना का उद्घाटन, पूर्वोत्तर क्षेत्र में वर्ष 2017 के दौरान घरेलू पर्यटकों के आगमन में 22.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी।



## झारखण्ड कोर्ट परिसर में हमला करने वाले गैंगस्टर अखिलेश सिंह को एक वर्ष की सजा



जमशेदपुर। कोर्ट परिसर में रवि चौरसिया पर हमला करने के मामले में अखिलेश सिंह को जिला जज -13 प्रभाकर सिंह की अदालत ने फैसला सुनाया है। मंगलवार को कुख्यात अपराधी अखिलेश सिंह को दोषी करार देते हुए एक साल की सजा सुनाई है। वहीं एक हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। घटना वर्ष 2005 की है। कोर्ट ने यह फैसला वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से सुनाया। वर्तमान में अखिलेश सिंह दुमका जेल में बंद है। घटना के दिन रवि चौरसिया कोर्ट पहुंचे थे। उसी समय अखिलेश सिंह भी जेल कस्टडी में कोर्ट पहुंचे थे। अखिलेश ने रवि को किसी मामले में गवाही देने से मना किया। इस बात को लेकर दोनों में कहा-सुनी हो गई थी। तब अखिलेश ने हथकड़ी से ही रवि चौरसिया पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद रवि ने इसकी शिकायत सीतारामडेरा थाना में की थी।

## रेलवे के ब्लॉक के कारण 27 दिनों तक कई ट्रेनें रद्द, गाड़ियों का बदला गया रूट

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में चाम्पा स्टेशन यार्ड को आधुनिकीकरण एवं चांपा-सारागांव रोड सेक्शन में तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना को जोडने के लिए दो फरवरी तक कई ट्रेनें रद्द कर दी गई है। इससे लंबी दूरी के यात्रियों की दिक्क्तों को देखते हुए रेलवे ने रद्द दो एक्सप्रेस 22866-22867 कुर्ला-पुरी-कुर्ला साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 14710-14709 पुरी-बीकानेर-पूरी साप्ताहिक एक्सप्रेस का परिचालन निर्धारित मार्ग से न करके परिवर्तित मार्ग सम्बलपुर, टिटलागढ़ और रायपुर होकर किया जाएगा।



रेलवे के अनुसार 22 एवं 29 जनवरी को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22866 पुरी-कुर्ला साप्ताहिक परिवर्तित मार्ग पुरी, भुवनेश्वर, सम्बलपुर, टिटलागढ़, रायपुर, नागपुर होकर कुर्ला पहुंचेगी। 24 एवं 31 जनवरी को कुर्ला से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22865 कुर्ला-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस नागपुर, रायपुर, टिटलागढ़, सम्बलपुर होकर चलेगी। 30 जनवरी को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 14710 पुरी-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सम्बलपुर, टिटलागढ़, रायपुर, उसलापुर, कटनी मुरवाड़ा होकर बीकानेर जाएगी और 27 जनवरी को बीकानेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 14709 बीकानेर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस कटनी मुरवाड़ा, उसलापुर, रायपुर, टिटलागढ़, सम्बलपुर होकर चलेगी।

## पूरे किसानों का कर्जा माफ नहीं हो रहा है, किसानों का ऋण माफी नहीं हुआ, इसलिए मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए



रायपुर। विधानसभा में अजय चन्द्राकर ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्जा माफी की बात कही थी और गंगाजल की भी कसम खाई थी, फिर भी पूरे किसानों का कर्जा माफ नहीं हो रहा है, किसानों का ऋण माफी नहीं हुआ है, इसलिए मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

## पाकिस्तान अफगानिस्तान में शांति लाने के लिए सभी प्रयास करेगा : विदेश मंत्री कुरैशी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता लाने के लिए सभी प्रयास करेगा। अफगान शांति की खातिर क्षेत्रीय सहमति के लिए अफगानिस्तान के राष्ट्रपति के विशेष दूत मोहम्मद उमर दाउदजई के साथ एक बैठक के दौरान कुरैशी ने मंगलवार को कहा कि अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता पाकिस्तान के अपने राष्टीय हित में है और क्षेत्र के आर्थिक विकास तथा समृद्धि के लिए यह आवश्यक भी है। विदेश कार्यालय (एफओ) ने एक बयान में कहा, ''विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि पाकिस्तान अफगानिस्तान में रक्तपात पर जल्द से जल्द रोक लगाने में वहां के लोगों की मदद करने के लिए सभी प्रयास करेगा ताकि अफगान जनता शांति और समृद्धि के नए दौर में प्रवेश कर सके।



## कानूनी कार्यवाई:वॉट्सऐप मैसेजिंग ऐप्स पर अश्लील पॉर्न विडिओ शेयर किये तो गिरफ़्तारी होगी,देश प्रदेश भर की पुलिस साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स से पूरी ट्रेनिंग लेगी

नई दिल्ली। अगर आप भी मैसेजिंग ऐप्स पर धड़ल्ले से पॉर्नोग्राफिक कंटेंट को शेयर करते हैं, तो रुक जाइए। आपकी यह आदत आपको गिरफ्तार करवा सकता है। कानून की नजर में इस तरह की गतिविधियां अपराध की श्रेणी में आती हैं, लिहाजा इन पर अंकुश लगाने के लिए अब पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस मैसेजिंग और शॉर्ट वीडियो ऐप्स पर सर्कुलेट होने वाले आपत्तिजनक कंटेंट पर रोक लगाने के लिए तकनीकी बारीकियों की ट्रेनिंग ले रही है। दरअसल ये मैसेजिंग और शॉर्ट वीडियो ऐप्स बच्चों को पॉर्नोग्राफी के लिए ग्रूम करने का ग्राउंड बनते जा रहे हैं। इनमें प्लेटफॉर्म्स पर बच्चों को फीचर करता हुआ अश्लील कंटेंट शेयर होता है। इसके अलावा और भी कई तरीके का आपत्तिजनक कंटेंट इसके जरिए भेजा जाता है।कई लोग पॉर्नोग्राफिक कंटेट को एक-दूसरे से शेयर करने के लिए वॉट्सऐप जैसे एंक्रिप्टिड प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं।



## महत्वपूर्ण एवं खास



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में वीवीएस लक्ष्मण से की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा में वीवीएस लक्ष्मण से मुलाकात हुई। उनसे सुनकर अच्छा लगा कि छत्तीसगढ़ में क्रिकेट खेलने वाले बच्चों में बहुत प्रतिभा है। हम क्रिकेट सहित सभी अन्य खेल के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए भरपूर सहयोग देंगे।

### कोमा में महिला के बच्चे को जन्म देने के बाद पुरुष कर्मचारियों का होगा डीएनए टेस्ट

फिनिक्स (आरएनएस)। फिनिक्स के एक निजी अस्पताल में 10 साल से अधिक समय से अर्द्ध बेहोशी की हालत में पड़ी महिला के हाल ही में एक बच्चे को जन्म देने की बात सामने आने के बाद स्वास्थ्य केन्द्र के सभी पुरुषों का डीएनए कराने के लिए पुलिस ने सर्च वारंट जारी किया है। वहीं स्वास्थ्य केन्द्र के सीईओ ने इस्तीफा दे दिया है। 'हासिएन्डा स्वास्थ्य केन्द्र' ने कहा कि वह कर्मचारियों का डीएनए कराने की बात का स्वगत करता है।

### सोनिया और राहुल गांधी को आयकर विभाग ने दिया 100 करोड़ का नोटिस

**नेशनल हेराल्ड मामला**

नईदिल्ली (आरएनएस)। नेशनल हेराल्ड मामले में यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की मुश्किले बढ़ गई है. रिपोर्ट के मुताबिक आयकर विभाग ने सोनिया और राहुल गांधी को एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के संबंध में 100 करोड़ का नोटिस जारी किया है.

### विस्तारा एयरलाइंस में महिला से यौन उत्पीड़न का आरोप, मगर जमानत

नईदिल्ली (आरएनएस)। विस्तारा एयरलाइंस में यौन उत्पीड़न का एक मामला सामने आया है. एक महिला ने आरोप लगाया है कि 65 साल के एक बिजनेसमैन ने उनके साथ यौन उत्पीड़न की. पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी बिजनेसमैन को जमानत मिल गई है. विस्तारा एयरलाइंस की ये फ्लाइट मुंबई से दिल्ली आ रही थी.

### नेशनल हेराल्ड के प्रकाशक एजेएल की अपील पर हाईकोर्ट में सुनवाई 15 जनवरी को

नयी दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह, परिसर खाली करने संबंधी आदेश के खिलाफ दायर नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र के प्रकाशक एसोसिएटिड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की याचिका पर वकीलों की अनुपलब्धता के कारण 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। एकल न्यायाधीश ने एजेएल को आईटीओ परिसर खाली करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन और न्यायमूर्ति वी के राव की पीठ को केंद्र सरकार के स्थायी वकील राजेश गोगना ने बताया कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उनका नेतृत्व कर रहे हैं जो आज उपलब्ध नहीं हैं।

### नागरिकता संशोधन विधेयक पर शरणार्थी परिवारों ने सरकार से की अपील

नई दिल्ली (आरएनएस)। नागरिकता संशोधन विधेयक 2016 के लोकसभा में पास होने के बाद से भारत में रह रहे शरणार्थियों की उम्मीद बढ़ गई है।